
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029, भारत

All India Institute of Medical Sciences
Ansari Nagar, New Delhi-110029, India



दूरभाष / Phone : (का. / Off.): +91-11-26588500, 26594800, 26594805
फैक्स सं. / Fax No. : 91-11-26588663, 26588641
Phone (नि. / Res.) +91-11-26594500
ई-मेल / E-mail : director@aiims.ac.in, director.aiims@gmail.com

आचार्य रणदीप गुलेरिया
निदेशक

**Prof. Randeep Guleria**
MD, DM (Pulmonary Medicine), FAMS, FIMSA
**Director**

5-1/2017-हि.अ.
14.09.2017

**प्रिय साथियों,**

**हिंदी दिवस के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।**

**भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक होती है और संपूर्ण राष्ट्र की एकता और अखंडता की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है। देश के स्वाधीनता संग्राम में हिंदी की अहम भूमिका और देश को एक सूत्र में बांधे रखने की हिंदी भाषा की क्षमता एवं महत्ता को ध्यान में रखते हुए देश के संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया। राजभाषा हिंदी के योगदान के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए ही प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी दिवस मनाया जाता है।**

**आज इस शुभ अवसर पर, मैं संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों में कार्यरत समस्त संकाय-सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों आदि को हिंदी दिवस की पुन: हार्दिक बधाई देता हूँ और अपील करता हूँ कि आप सभी अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करके हिंदी के प्रति सम्मान एवं अपने राष्ट्र प्रेम का परिचय दें।**

**धन्यवाद।**

र गुलेरिया

**(डॉ. रणदीप गुलेरिया)**

**सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र।**

Scanned by CamScanner